>

Title: Need to start the construction work of Kanhar dam in Palamu Parliamentary Constituency, Jharkhand.

श्री कामेश्वर बैठा (पलामू): मैं अपने पलामू संसदीय क्षेत्र के वर्ष 1975 में स्वीकृत कनहर जलाशय योजना के निर्माण कार्य को प्रारंभ करने हेतु लोकहित और कार्यहित में जल संसाधन मंत्रालय का ध्यान आकृष्ट करते हुए कहना चाहूंगा कः-

(क) उक्त योजना की वर्ष 1975 में स्वीकृति प्रदान की गई है, लगभग 36 वर्ष के बाद भी उक्त योजना का निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं किया गया है। इस योजना से 490 गांव के लोगों को सिंचाई की सुविधा उपलबध कराई जायेगी।

(ख) इस योजना के निर्माण हेतु माननीय झारखंड उच्च न्यायालय रांची द्वारा आदेश पारित करने के बाद भी सरकार ने कोई कारगर कार्रवाई नहीं की है।

अतः मैं सरकार से मांग करता हूं कि इस लाभकारी जनहित एवं कार्यहित योजना को तुंत निर्माण कार्य को प्रारंभ कराया जाए।